## संक्षिप्त

### पिंकी कामदार अध्यक्ष मनोनीत

**रामगढ पचवारा, (निसं)।** स्थानीय निवासी पिंकी कामदार को रामगढ़ पचवारा उपखंड क्षेत्र की विश्व ब्राह्मण



महासभा ट्रस्ट द्वारा महिला ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। समाज के प्रति समर्पण एवं निष्ठा को देखते हुए ब्राह्मण सभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवनारायण जैमन के द्वारा प्रकाश चंद्र गौड के अनुशंसा पर पिंकी कामदार को रामगढ पचवारा क्षेत्र की महिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पिंकी कामदार को विश्व ब्राह्मण सभा ट्रस्ट के उपखंड ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत करने पर क्षेत्र की महिला मंडल द्वारा खुशी व्यक्त की गई है।

### भामाशाह ने प्रिंटर भेंट किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बस्सी में भामाशाह घनश्याम शर्मा द्वारा शुक्रवार को एचपी जेट टैंक एमएफपी 1005 मॉडल का प्रिंटर राशि 23 हजार 633 रुपये का भेंट किया गया। प्रिंटर भेंट करने पर एसएमसी सदस्यों और विद्यालय स्टाफ द्वारा उनके प्रतिनिधि हरि ओम मंगावा व फूल चंद शर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया साथ ही पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष अनिल निठारवाल, उपसरपंच संजय कुमार, संगीता निठारवाल, सुरेश जाट, रामचंद्र महला, मंजू देवी, बिमलेश शर्मा, कमलेश कुमार सैनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तीन घण्टे बिजली बंद आज

**निवाई, (निसं)।** दशहरा मैदान फीडर पर शनिवार को मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर शहर में तीन घण्टे बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता सचिन मीणा ने बताया कि शनिवार को दशहरा मैदान फीडर पर सुबह 7 से 10 बजे तक मरम्मत कार्य किया जाएगा। जिससे कीर कॉलोनी, कल्याण नगर, राधे विहार कॉलोनी, गणेश नगर, भरकुंआ तालाब रोड, दशहरा मैदान के आसपास के क्षेत्र की तीन घंटे बिजली बंद रहेगीं।

### कूलर के अभाव में मरीज परेशान

**अलवर, (निसं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ गर्मी से राहत के लिए कूलर की व्यवस्था नहीं होने से प्रसूताओ ओर उनके परिजनों को पंखे में ही दिन गुजारने पड़ रहे हैं और उस पर भी ज्यादातर बिजली ना आने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को गरमी में ही रहना पडता है। वहीं दूसरी ओर अलावडा आदि ग्रामों में पूर्व में पीएचसी से सीएचसी में क्रमोन्नत होने के बाद भी लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ में ज्यादा विश्वास कर प्रतिदिन सैकडों की संख्या में यहां पर पहुंचते हैं। लेकिन गर्मी के कारण प्रसूता और तीमारदारों को गर्मी में परेशानी का सामना करना पडा रहा है।

### जेईएन राकेश ने संभाला कार्यभार

**कोटपूतली, (निसं)।** ग्राम नारेहडा विधुत उपकेन्द्र पर नवनियुक्त जेईएन राकेश जाजडा ने शुक्रवार को कार्य संभाला। इस दौरान एईएन उधम सिंह यादव व जेईएन परमजीत यादव ने नवनियुक्त जेईएन जाजड़ा का माला एव साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर निगम के कर्मचारियों एवं ठेकेदारों ने जेईएन को मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

# प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद ने बैठक में जरुरी निर्देश दिये

**टोंक, (निसं)।** प्रदेश के अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ, उपनिवेषन कृषि सिंचित क्षेत्र विकास, जल उपयोगिता विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट में अधिकारियों की बैठक ली। इसके बाद पत्रकारों से वार्ता की। इसमें राज्य सरकार की ओर से की गई बजट घोषणाओं का बखान किया लेकिन स्थानीय मुद्दों पर चुप्पी साध ली।

उनसे जिला मुख्यालय पर अटके विकास को लेकर सवाल किए। इस पर वो प्रदेशभर में हुए कार्य गिनाने लगे।

■ जिला प्रभारी मंत्री ने स्थानीय मुद्दों पर साधी चुप्पी



अल्पसंख्यक मामलात, जल उपयोगिता विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री शाले मोहम्मद ने टोंक में अधिकारियों की बैठक ली।

वहीं सवालों से भी बचते रहे। इससे पहले अधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप स्कीम से अधिकाधिक पात्र लोगों को जोडे ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जरूरतमंद व्यक्ति को मिल सकें। आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध सीमा में करें। समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, सीईओ देशलदान एडीएम परशुराम धानका, निवर्तमान जिला अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता, युवा नेता कांग्रेस हंसराज गाता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रभारी मंत्री ने सीएमएचओ डॉ अषोक कुमार यादव को मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में जिले के शत प्रतिषत परिवारों को जोडने के निर्देष दिए। जिससे इस योजना का लाभ हर परिवार को मिलें। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत खाद्य सामग्री में असुरक्षित पाए गए सैम्पल पर मिलावटी खाद्य पदार्थ आपूर्तिकर्ता के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने पर जोर दिया। उन्होंने स्वायत्त शासन विभाग की इंदिरा रसोई योजना में जरूरतमंद लोगों को शुद्ध पौष्टिक भोजन देने के लिए नगर परिषद आयुक्त को निर्देष दिए। जिले में बजट घोषणा 2022.23 के तहत टोंक जिले में 13 नवीन इंदिरा रसोई योजना के स्थान चिन्हिकरण की जानकारी ली। इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में ज्यादा से ज्यादा लोगों के ऋण स्वीकृत किए जाए इसके लिए बैंकर्स के साथ लगातार बैठक करने के निर्देष दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना सीधे गरीबों के कल्याण से जुडी हुई है। जिला प्रभारी मंत्री ने घर-घर औषधि योजना में दिए गए पौधों में जीवित पौधे की वास्तविक स्थिति की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों से ली। उन्होंने विद्युत एवं पेयजल विभाग के अधिकारियों को भीषण गर्मी में आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विद्युत विभाग कृषि व घरेलू कनेक्शनों के पेंडिंग प्रकरणों का नियत समय पर निस्तारण करें।

### तालाब में तैरता मिला युवक का शव

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के नाग घाट बालाजी की पाल के पास गोलीराव तलाब में सुबह युवक का तैरता हुआ शव मिला है। शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मौके पर पहुंची चाकसू पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस थाना चाकसू गौलीराव तालाब में शुकवार को युवक का तैरता हुआ शव बरामद हुआ है।

शव की शिनाख्त 27वर्षीय अशोक अग्रवाल के रूप में की गई है। मृतक चाकसू कस्बे का रहने वाला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चाकसू एसएचओ यशवंत सिंह के मुताबिक तालाब में नहाने के लिए गए स्थानीय लोगों की नजर पानी के ऊपर तैरते शव पर पडी। मामले की सूचना चाकसू पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की स्थिति देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि शव एक दिन से तालाब में पडा था। ज्यादा देर तक शव पानी में रहने के कारण काफी फूल चुका था। हालांकि, चाकसू पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। परिवार वालो ने बताया की युवक कल सुबह नो बजे से घर से निकला था।

## सार-समाचार

### पट्टा वितरण शिविर का शुभारंभ

**पावटा, (निसं)।** पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका में पट्टे वितरण कैप का पहला दिन रहा जिसमें नगरपालिका की प्रथम चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल के हाथों से 1 पट्टा संतरा वाल्मीकि निवासी पावटा को देकर कैप की शुभारंभ किया गया। पट्टा प्राप्त कर के संतरा वाल्मीकि ने खुशी जाहिर की। नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार से कैप का शुभारंभ करते हुए नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल ने कहाँ कि हमारे प्रयास रहेंगे की जल्द से जल्द सभी को पट्टे वितरण कर सके। मेरा लक्ष्य पट्टे ही नही इतना रहेगा की पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य हो। पट्टा वितरण कैप में वाइस चेयरमैन नरपत सिंह शेखावत, सामाजिक कार्यकर्ता निर्मल पंसारी, विजय गुप्ता वार्ड पार्षद, लोकेश शर्मा वार्ड पार्षद, संजय वार्ड पार्षद, संजय गोयल, बिहारी अग्रवाल, रिक्की शर्मा एवं समस्त नगरपालिका स्टाफ मौजूद रहा।

### सरपंच, पंचायत सचिव पर राजकोष का दुरुपयोग करने का आरोप

**टोंक, (निसं)।** ग्राम पंचायत नासिरदा के वार्ड पंचों एवं ग्रामीणों ने सरंपच किरण देवी, एवं पंचायत सचिव पर झूंठी एफआईआर दर्ज करवाने एंव राजकोष का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी एवं सीईओ देशलदान को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियों को जल्द गिरफ्तार किये जाने की मांग की है। नासिरदा ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों एवं ग्रामीणों ने दिये ज्ञापन में बताया कि सरपंच किरण देवी, पंचायत सचिव अमित कुमार दाधिच पंचायत के विकास कार्यो में जमकर भ्रष्टाचार कर राजकोष का गबन किया जा रहा है, जो निर्माण कार्य नहीं हुआ उसका भी भुगतान उठा लिया गया है, साथ ही ग्रामीणों द्वारा एतराज जताने पर संरपच द्वारा उल्टे पंचों व ग्रामीणों के विरूद्व एससी/एसटी एक्ट में फर्जी एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। अधिकारियों को दिये ज्ञापन में सार्वजनिक स्थान पर चार दीवारी निर्माण में कार्य एजेंसी, सरपंच, सचिव एवं ठेकेदार द्वारा अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की जांच कराने, सरपंच द्वारा सीआर पति एवं अन्य ग्रामीणों पर दर्ज कराए झूंठे मुकदमे वापस लेने और सरपंच किरण देवी सांसी द्वारा किये गबन पर एफआईआर दर्ज कर जांच रिपोर्ट के आधार पर उनका निलंबन करने की मांग की है। इस अवसर पर महावीर, दीपक सोनी, पवन कुमार, सत्यनारायण शर्मा, रामदेव, मुकेश, गणेश एवं श्याम आदि मौजूद थे।

### शिक्षक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

**लालसोट/रामगढ पचवार, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के सीबीईओ गोविंद नारायण माली पर उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की जा रही जांच के दौरान सीबीईओ पर बेबुनियाद आरोपों की दर्ज प्रार्थामिकी को लेकर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडावरी में कार्यरत रही पूर्व व्याख्याता ममता चौहान व्याख्याता के खिलाफ विभिन्न कर्मचारी संघों ने निंदा प्रस्ताव पारित किया व उपखंड अधिकारी लालसोट को ज्ञापन दिया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संघ के अध्यक्ष हनुमान मीना, प्रेमचंद मीना, नरेंद्र गडवाल, रामबाबू सैनी प्रधानाचार्य, पंचायत संघ के अध्यक्ष रमेश चंद योगी, गुलाब चंद मीना, ओमप्रकाश शर्मा, प्रबोधक संघ दौसा के जिला संरक्षक मुकेश सैनी, रामनारायण मीना व्याख्याता, विष्णुशर्मा, मोहन लाल, रास्ट्रीय शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष किशोर कुमार सैनी, ओ.पी.शर्मा, रमेश चंद अध्यापक, मनभावन सैनी, रामजीलाल शर्मा रेसला शिक्षक संघ रामगढ पचवारा के प्रवक्ता चंद्रप्रकाश सैनी, सुरेश कुमार व्याख्याता, रामकिशोर सैनी व.अ., राजेश कुमार सैनी व्याख्याता, राजेशकुमार व.अ. दिनेश कुमार सैनी अध्यापक शिक्षक संघों ने घटना की निष्पक्ष जाँच की माँग की है।

### अभियान के तहत लगाए परिंडे

**पावटा, (निसं)।** भाजपा की ओर से सेल्फी विद परिंडा अभियान के तहत विराटनगर क्षेत्र में कई गांवों में रानी रत्नाकुमारी की ओर से पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। सूरजपुरा, बहादुरपुरा, लुहाकाना खुर्द, जयसिंहपुरा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पूरण मीणा, कृष्ण सिंह शेखावत, अभय सिंह, रविंद्र सिंह, भागवत सिंह, केसर सिंह, देशराज सिंह, शकील मियां, सदीक मियां, अजीत सिंह इस दौरान मौजूद रहे व क्षेत्र की महिलाओं व पुरुषों ने भी परिंडे बांधे और परिंडों को पानी से भरा। पक्षियों का जीवन हमारे लिए अति आवश्यक है। परिंदों के संरक्षण, भीषण गर्मी में पेयजल, दाना-पानी की व्यवस्था करना हम सभी का फर्ज है।

### शिविर में नौ पट्टे बांटे

**फुलेरा, (निसं)।** राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत चलाये जा रहे अभियान प्रशासन शहरों के संग के दौरान कस्बे के श्रीराम नगर स्थित दादू आश्रम में शिविर आयोजित किया। पालिका ईओ राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में 9 पट्टे जारी कर वितरण किये गये। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष संगीता अग्रवाल प्रतिनिधि जितेन्द्र अग्रवाल, गजेन्द्र सिंह शेखावत, जेइएन हरीश बनशिया, स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेश कुमार बैरवा, आरती गुर्जर, राकेश वर्मा, किशन कुमार, दुर्गा सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा लोगों को गुमराह कर हिंसा का प्रयास करती हैं : डॉ. कल्ला

**अलवर, (निसं)।** अलवर के प्रभारी मंत्री डॉ बीडी कल्ला शुक्रवार को अलवर आए। उन्होने यहां अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में पेयजल, पट्टे, जनता से जुडे अन्य कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इसके बाद कल्ला ने पत्रकारों से बातचीत की। जिसमें उन्होंने बीजेपी के बडे नेताओं पर प्रहार किया। बीजेपी के नेता आमजन को गुमराह कर हिंसा कराने का प्रयास करते हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जब सवाईमाधोपुर आए। उसके अगले दिन ही करौली में हिंसा का प्रयास हुआ। मतलब पार्टी के बड़े नेता इसी दिशा में काम करते हैं। ताकि माहौल खराब हो। जहां-जहां चुनाव आते हैं इनके नेता इसी एजेंडे पर काम करते हैं।

कल्ला ने अलवर के राजगढ़ में मंदिर तोडने के मामले में नगरपालिका को जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि राजगढ़ नगर पालिका में बीजेपी का बोर्ड है। यहां 35 में से 34 बीजेपी के पार्षद हैं। नगर पालिका बोर्ड ने अतिक्रमण हटाने का निर्णय किया। इसके बाद अतिक्रमण हटाने के साथ मंदिर तोड़ने के मामले में सरकार ने उचित एक्शन भी लिया है।

बीजेपी के नेताओं को लेकर कहा कि मनगढंत बातें कर जनता को गुमराह करने का प्रयास करते हैं। जबकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार केवल जनता से जुड़े मसलों को सुलझाने में लगी है। वहीं बीजेपी के नेता आमजन को गुमराह करने में लगे हैं। प्रभारी मंत्री ने अलवर के दो मामलों में कलेक्टर व एसपी की जल्दबाजी मानी। राजगढ़ मामले में कहा कि प्रशासन की गलती इतनी रही कि मूर्ति टूटने को लेकर पूरी जानकारी लेकर सार्वजनिक करते। दूसरा तिजारा पुलिया पर मूकबधिर नाबालिग के लहूलुहान मिलने की घटना को लेकर कहा कि उसमें भी पुलिस का जल्दबाजी में बयान जारी किया गया।

## बीसूका उपाध्यक्ष ने जनता दरबार लगाकर समस्याओं का निस्तारण किया

**मालपुरा/डिग्गी, (निसं)।** बीसूका उपाध्यक्ष डॉ चंद्रभान ने शुक्रवार को मालपुरा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे के दौरान डिग्गी स्थित कल्याण महाराज के दर्शन कर मालपुरा के डाक बंगले में जनता दरबार लगा जनसुनवाई की।

बीसूका उपाध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान के मालपुरा सीमा में प्रवेश पर नगरपालिका अध्यक्ष आशा नामा व अन्य मौजूद कांग्रेसजनों व प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने अगवानी कर अभिनन्दन किया। इस दौरान ग्राम डिग्गी में अपनी पत्नी शशिभान के साथ कल्याण महाराज के दर्शन कर देश प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट द्वारा माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। पुजारी व ट्रस्ट सदस्य गिर्राज शर्मा व जयप्रकाश शर्मा द्वारा कल्याण महाराज की तस्वीर भेंट की गई। इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा पंचायत भवन को पूर्व में निर्धारित स्थान पर ही निर्माण कराए जाने की मांग की जिस पर चन्द्रभान ने नवीन

■ डिग्गी में लोगों की मांग अनुसार निश्चित स्थान पर बनेगा पंचायत भवन

भवन को निरस्त कर निर्धारित स्थान पर ही भवन निर्माण का विश्वास दिलाया तथा किरावल बांध का पानी डिग्गी को दिलाए जाने का आश्वासन दिया।

मालपुरा डाक बंगले में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें एसडीएम रामकुमार वर्मा डीवाईएसपी सुशील मान सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान डॉ. चन्द्रभान ने कहा कि प्रदेश में साम्प्रदायिक तनाव की घटनाऐं विकास में सबसे बडी बाधा है। जहां शांति व सद्भाव है वहीं विकास होता है। जनसुनवाई के दोरान क्षेत्र के लोगो ने पानी बिजली, चिकित्सा के अलावा क्षेत्र के जीर्ण शीर्ण हो चुके राजस्व नक्शों की जानकारी देकर इनके शीघ्र समाधान की मांग की। बृजलाल नगर में पानी की निकास, मौहल्ला सादात में पानी की टंकी का निर्माण करवाने, मालपुरा राजकीय महाविद्यालय में ऊर्दू संकाय खोलने, नामदेव समाज ने घाटी रोड पर भूमि आवंटन करवाने, लाम्बाहरिसिंह में कृषि मण्डी शुरू करवाने, शहर में ट्रेक्टरों के जरिए बजरी परिवहन की स्वीकृति जारी करवाने सहित एक सौ से अधिक जन समस्याऐं रखी। जिनका मौके पर मौजुद अधिकारियों को निर्देश प्रदान कर निस्तारण करवा आम जन को राहत दी। जनसुनवाई के दौरान ब्लाक अध्यक्ष रामदेव बैरवा, पालिकाध्यक्ष आशा नामा, पालिका उपाध्यक्ष पवन मेन्दवास्या, डीआर छोगालाल गुर्जर, शहर अध्यक्ष इश्हाक नकवी युवा नेता महावीर नामा, डीआर रहे किशनलाल फगोडिया, एडवोकेट गोविंद चौधरी, अनवारलाला, नीतिल कुमावत, सहित कई सैकडो कांगे सजन मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक व पालिकाध्यक्ष ने ईओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए

**किशनगढबास, (निसं)।** पूर्व विधायक रामहेत यादव व पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल ने शुक्रवार को पालिका अध्यक्ष के निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए ईओ पर लगाए है। प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया के सामने पूर्व विधायक यादव ने नगर पालिका ईओ महेश गुर्जर पर मनमानी और भ्रष्टाचार जैसे गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा अतिक्रमण के नाम पर नोटिस का खेल खेला जा रहा है। सरकार की पट्टा देने की योजना सुविधा शुल्क की भेंट चढ चुकी है। एक लाख से नीचे कराए जा रहे विकास के कार्य व खरीद-फरोख्त में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। विकास के टेंडर लगाए तो जाते हैं लेकिन उन्हें खुलने से पहले उन्हें निरस्त कर दिया जाता है।

पालिका अध्यक्ष तारामणि सतीश सिंघल ने कहा उन्होंने क्षेत्रीय विधायक दीपचंद खैरिया और एसडीएम किशनगढबास को अधिकारी के द्वारा की



किशनगढ़बास में पूर्व विधायक रामहेत यादव व पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल ने ईओ की मनमानी को लेकर प्रेस वार्ता की।

जा रही लूट खसोट व नियम विरुद्ध किए जा रहे कार्यों की शिकायत की जिससे नाराज होकर अधिकारी ने मेरे पर संज्ञान में लाए जाने की जगह सीधे कार्य करने शुरू कर दिए यहां तक की कार्मिकों को भी मेरे द्वारा बताए गए कार्य करने के लिए मना कर दिया और कार्यक्रमों की सूचना भी एक आम पार्षद की तरह मुझे दी जाने लगी। अध्यक्ष ने बताया 3 दिन से लगातार मेरे स्वयं के वार्ड में प्रशासन शहर के संग शिविर चल रहा है लेकिन अधिकारी तीनों दिन वीसी होने की बात कहकर उपस्थित नहीं हुए। पूर्व विधायक यादव और पालिका अध्यक्ष तारामणि सिंघल ने कहा कि अधिकारी ने अपनी कार्यशैली मैं सुधार नहीं किया तो कलेक्टर व सीएम से मिलकर अधिकारी की शिकायत करेंगे।

## देवली में शराब की आठवी दुकान अवैध संचालित

**देवली, (निसं)।** शहर में अवैध तौर से संचालित शराब की दुकान के मामले में आबकारी विभाग के अधिकारियों की मिली भगत सामने आई है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की आबकारी नीति के तहत देवली शहर के लिए विभाग ने मदिरा की कुल सात दुकानें आवंटित की है। मगर शहर में इन दिनों मदिरा की 8 दुकाने संचालित हो रही हैं। अगर विभाग के नियमों के अनुसार देखा जाए तो मदिरा की आठवीं उक्त दुकान अवैध रूप से संचालित होने का मामला दिखाई पड रहा है। ऐसे में शहर के बीच में संचालित उक्त मदिरा की दुकान विभाग की नीति पर सवालिया निशान खडा किए हुए हैं। टोंक जिला आबकारी विभाग के रिकॉर्ड दस्तावेज में सत्र 2022/23 की आबकारी नीति के तहत देवली शहर में मदिरा की कुल 7 दुकानें निर्धारित होकर अनुज्ञाधारियों आवंटित किए जाने का रिकॉर्ड इंद्राज किया हुआ है तो फिर शहर के नेक चाल रोड पर बैरवा मोहल्ले के बाहर मदिरा की आठवीं दुकान किस नीति नियमों के तहत संचालित हो रही है। शहर के वार्ड नंबर 4 के क्षेत्रवासियों ने बताया कि शराब की आठवीं दुकान बाहुल्य दलित वार्ड में अवैध तौर पर संचालित हो रही है।

जब मीडिया ने उक्त दुकान के संचालन की जानकारी मांगी तो निरीक्षक ने बताया कि शराब की उक्त दुकान के विरुद्ध मामला (केस) बना दिया गया है और उक्त शराब की आठवीं दुकान को बंद करा दिया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब निरीक्षक ने मीडिया की सूचना पर उक्त दुकान के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया था तो फिर शराब की उक्त आठवीं दुकान बुधवार तक कैसे संचालित होती रही है।

### एसडीएम का स्वागत

**चौंम/कालाडेरा, (निसं)।** पंचायत समिति जालसू के बरना गांव में छोरो मारवाडी शो पर उपजिला कलेक्टर प्रियव्रत सिंह चारण पहुंचे।

**आवश्यकता**
फैक्ट्री में कार्य हेतु हेल्परों की आवश्यकता
वेतन 11500/- प्रतिमाह पता-एच-174
मालवीय औद्योगिक क्षेत्र जयपुर फोन-
0141-2751714-15

# 35 लाख की लागत के एसी रिटायरिंग रूम का उद्घाटन

**रींगस, (निसं)।** रींगस जंक्शन पर 35 लाख की लागत के बने दो एसी व दो नोन एसी रिटायरिंग रूम का सीकर सांसद सुमेधानन्द सरस्वती व उत्तर पश्चिमी रेलवे के डीआरएम नरेन्द्र कुमार ने उद्घाटन किया। इस मौके पर सांसद सुमेधानन्द सरस्वती व डीआरएम ने बताया की जल्द ही प्रयागराज जयपुर ट्रेन का विस्तार बीकानेर तक किया जायेगा।

इस ट्रेन को इसी माह चलने की उम्मीद है। उन्होने बताया की शेखावाटी रूट पर लम्बी दूरी की अनेक ट्रेने जल्द ही संचालित होने की सम्भावना है। इससे लोगों को लम्बी दूरी की ट्रेनो के लिए दूसरी जगहों पर नहीं जाना पडेगा। डीआरएम ने बताया की रींगस जंक्शन का विकास धार्मिक रेलवे स्टेशन के रूप में किया जा रहा है। यहा पर प्रतिदिन 5 हजार यात्रियों का दवाब है। ऐसे में जंक्शन पर अनेक विकास कार्यो के साथ साथ सुविधाओं में विस्तार होगा। खाटू श्यामजी के यात्रियों को देखते हुए लम्बी दूरी की ट्रेनों को



सीकर सांसद सुमेधानन्द सरस्वती व उत्तर पश्चिमी रेलवे के डीआरएम नरेन्द्र कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

अतिशीघ्र ही चलाया जायेगा। इसके लिए शिड्यूल तैयार किया जा रहा है। क्लिरेंस मिलते ही धडाधड ट्रेने शुरू हो जायेगी।

■ शेखावाटी को मिलेंगी अनेक ट्रेनों की सौगात

सांसद सुमेधानन्द सरस्वती व डीआरएम ने बताया की रींगस की जनता की अनेक रेलवे सम्बंधी समस्याओ का समाधान जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। रेलवे जंक्शन पर आरपार फुट ऑवर ब्रिज जल्द ही तैयार हो जायेगा। पालिकाध्यक्ष अशोक कुमार कुमावत ने अनेक मांगे रखी। इस पर डीआरएम ने बताया की गंदे पानी की समस्या को जल्द ही निपटारा कर लिया जायेगा।

इस मौके पर उप जिला प्रमुख ताराचन्द्र धायल, नगर पालिका उपाध्यक्ष अमित शर्मा,घासीराम कुमावत, पार्षद अखिलेश भातरा, अंकित शर्मा स्टेशन अधिक्षक सुखेदव सिंह महला,ओम प्रकाश कुमावत, पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष बोदू राम कुमावत सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित

**बानसूर, (निसं)।** स्थानीय पीजी महाविद्यालय में संचालित चार वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ.सौरभ, दिल्ली विश्वविद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ॰मंजीत सिंह, जेएनयू दिल्ली शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूवात माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत किया गया। संस्था के महासचिव डॉ.अजय कुमार ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि डॉ॰सौरभ ने कहा कि इंसान को अपने सपने को साकार करने के लिए अथक मेहनत करते हुए धैर्य के साथ आगे बढते रहना चाहिए। इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई तथा परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन महाविद्यालय की छात्रा प्रीति यादव और छात्र विकास शर्मा ने किया।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुननिर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियिमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वग्रीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियाँ उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूचि में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्रम संख्या | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की तिथि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13877295 एवं 22250777 | गृह ऋण तथा सम्पत्ति पर ऋण | 1. राजेश कुमार चंदेल 2. शिमला चंदेल | 09.05.2022 | 15,21,528.11/- | प्लाट नं. 106-ए, क्षेत्रफल 75.0 वर्गगज, स्कीम तिरूपति टाउन, करधनी के पास, कलवाड रोड, जयपुर, राजस्थान-302012 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-प्लाट नं. 107, पश्चिम प्लाट नं. 106, उत्तर-अन्य भूमि, दक्षिण-रोड 30' चौडी |
| 2 | 30995810 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. रौशन कुमार सैन 2. अनिता देवी सैन 3. अशोक कुमार सैन 4. गजानंद सैन 5. कृष्ण कुमार सैन 6. उषा देवी सैन 7. विष्णु कुमार सैन | 09.05.2022 | 22,57,186.03/- | रिहायशी भूमि प्लाट पट्टा नं. 20, क्षेत्रफल 282 वर्गगज, ग्राम-अनी, ग्राम पंचायत लबाना, तहसील-आमेर, जयपुर, राजस्थान का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-आम रास्ता 12 फिट चौड़ा, पश्चिम-बंदा की पाल और आबादी भूमि, उत्तर-आबादी भूमि, दक्षिण-हरीनारायण नाई का मकान |

आपको एतद्द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूचि में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पडेगा/इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री/लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिये प्रतिबंधित है। ह./-

दिनांक- 14.05.2022 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान- जयपुर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)